Sir, I welcome the Central Government's cooperation in rural electrification. But, at the same time, I would like the hon. Minister to kindly consider the view that that area also needs to be clearly defined. The area of cooperation, the job, the tasks involved, the authority, and so on must be clearly defined so that there are no conflicts of interest and there is no mutual blame-game which ultimately results in nothing. It is very important that that is clearly defined. Secondly, the Rajiv Gandhi Vidyutikaran Yojana provides for 90 per cent capital subsidy for rural electrification, which is a welcome step. But, unfortunately, that creates an apprehension about this conflict of authority and interest. It was tied with the condi-tionality of introducing a franchise system. I think most of the State Governments are opposed to that kind of a concept of franchise. You are providing monetary assistance for rural electrification. That is a welcome step. But, don't tie up with that condition; let the State power utilities decide how they would administer it. You must only monitor the result — how much area they could cover, how much losses they could contain, how much revenue they could collect, etc. You may monitor the results, but you must leave the modalities of collecting revenue and other things to the State Governments; that would be the real spirit of cooperation. Hence, I would urge upon the hon. Minister not to make franchise as a conditionally for the Rajiv Gandhi Vidyutikaran Yojana.

Sir, I would make one last point and conclude my speech. Cost of power is one aspect on which I would like to seek some clarification from the hon. Minister. All necessary steps should be taken to make electricity available to all at an affordable price. The situation is that post Electricity Act, 2003, the cost of power has been increasing at a very fast pace, particularly in the States which went ahead with the dismantling exercise. The Chief Minister of Delhi had herself said that private distribution could not deliver the results. Now, what is the situation of power cuts? I would not go into all that. But I wish to draw your attention to a few facts.

The NTPC is the biggest provider of power in the country; it is biggest producer and generator of power. Now, Government has launched an ambitious programme of ultra mega power projects of 4000 MW; five projects have been planned. In the Sasan Project, NTPC being the leading power generator, has quoted Rs. 2.47 per unit *vis-a-vis* the lowest quotation of Rs. 1.19 by Lanco. In reply to a question in this House, and in a subsequent clarification given by the hon. Minister to me, he had quoted that

NTPC's production cost was Rs. 1.32 to Rs. 1.33 per unit for smaller projects of 210 or 250 MW. For 8000 megawatt project, according to the economy of scale, the cost should have been much less. Still, instead of quoting less than Rs. 1.33, quotation was given above Rs. 2, much above Rs. 1.19. Has it been done by NTPC management under its own prudence or they have done it under the direction of the Power Ministry? If they have done it of their own to allow private operators to have a cakewalk in the project, I think, they have to be called and seriously pulled and their integrity has to be questioned. If they have done it under the direction of the Ministry, the Ministry should clarify whether it is the policy of the Government to allow the private operators to have a free cakewalk in the area of ultra mega power projects. At least, this economics of quoting *vis-a-vis* power unit cost brings forth this basic question, and this basic question is equally related to making power cheap and making cheaper power available to mass of the people. Then I think this House owes an answer to this basic question. With this, I again request the hon Minister to kindly reconsider the areas of captive power generation problem, the definition of theft *vis-a-vis* unauthorised usage and also reconsider and give an assurance to this House that cross subsidy, however improbable it is, is subject to reduction, but not be pushed to final elimination because in the present society, in any equitable society, a differential treatment to people of differential economic position is called equity and that is the definition of the equity. If we claim our society to be an equitable one, cross subsidy must continue, must continue to continue even in the power utility sector.

SHRIMATI S.G. INDIRA (Tamil Nadu): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir. On seeing the Electricity Amendment Bill, 2007, the first amendment is in Section 6 of the Act which speaks about the appropriate Government which is responsible for electrification in the rural areas. The Central Government is always supporting the rural electrification through budgetary provision and through instruments like rural electrification cooperation. Sir, now, we are talking about rural electrification. But there is a shortage of electricity in every State. So, we have to be concerned about that and we should take care of this shortage. Sir, the Government is in a position to provide electricity to consumers. Now, we are talking about the State Governments and Centrai Government's joint responsibility in the rural electrification. But before that, we should think about the quality of the electricity and we should not put more burden on the already over-

burdened present infrastructure. My second point is regarding reliability. In most States, there are unannounced power cuts for more than five or six hours. It is prevailing in Tamil Nadu. Unannounced power cuts affect the domestic consumers. So, we should also take care of the reliability.

[THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN) in the Chair]

My third point is regarding affordability. We should think as to how we can maintain these three things. If we take care of these things, only after that we should think about rural electrification. Just putting the Electricity Bill will not help the rural poor. So, all these things should be taken care of and benefits should reach the poor people.

Next issue relates to cross-subsidisation. We should balance it among the more-paying consumers and the less-paying consumers. We should not ignore the industries because they are the more-paying consumers of the Electricity Boards. Sir, at the same time, I am not opposing giving subsidy to the agriculture sector or the poor people. The Government should balance both the sectors. This new amendment talks about subsidy. It is a welcome step, but it must be done in a transparent manner, that is, the State Government giving the subsidy to the utility by a transfer of amount which is equivalent to the difference between the tariff, that is fixed, and the amount of subsidy which the Government wants to give. So, this should be done in a transparent manner. Then, I would like to say that the poor agriculturist should get power at a subsidised rate, but, at the same time, we should not ignore the industries which are paying more to the Electricity Boards because they are also creating employment by providing jobs to the workers who are working there and earning their livelihood. So, both should be provided subsidies in a balanced manner.

The other point is regarding theft. It is a very serious problem and it should be prevented at the earliest. The Government is losing crores and crores of rupees due to electricity theft. Theft of electricity should be treated as a cognisable offence. The Government can curtail this menace in many ways. Sir, theft takes place due to lack of accountability. There can be a provision whereby the Government should take the responsibility regarding distribution, and persons liable for theft should be punished. It is a serious thing that they are going to jail and again, they come out and they do the same thing again and again. So, the Government should have a

proper mechanism and the culprits should be punished severely. It is a great loss to the Government. So, it should be seriously taken care of. Some technological measures can also be taken to avoid the electricity theft. Opinion of experts can also be taken on how to avoid it.

Again, one more thing, which is not in the Amendment, is regarding increasing generation of e-waste, which is not utilised. In this connection, I would like to draw the attention of the Government to establish a separate authority which will make laws and regulations for the safe disposal of e-waste in our country to avoid environmental disaster. At least, in the years to come, measures should be taken in this regard.

Then, I would like to say that we have to give importance to the captive power generation. In some States, they are not providing the power to the consumers and also they are not encouraging the captive power generation. So, the State Governments, jointly with the Central Government, should encourage the captive power generation plants.

Finally, Sir, there is one more welcome provision in this Bill, that is, 'open access'. Only then, we can get more and more power generation and will be able to help the poor people. So, when we are providing the electrification in rural areas, we should take care that it is affordable, and without any shortage, we should provide electricity to the poor people and to the agriculture sector. With these words, I welcome this Bill

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir. I rise to support the Electricity (Amendment) Bill, 2007 Before I go into the details, I just quote Lord Macaulay's address to the British Parliament on 2nd February, 1835. This is a historical comment and I quote, "I have travelled across the length and breadth of India and I have not seen one person who is a beggar, who is a thief. Such wealth I have seen in this country, such high moral values, people of such calibre, that I do not think we would ever conquer this country, unless we break the very backbone of this nation which is her spiritual and cultural heritage, and, therefore, I propose that we replace her old and ancient education system, her culture, for if the Indians think that all that is foreign and English is good and greater than their own, they will lose their self es-teem , their native culture and they will become what we want them, a truly dominated nation".

Why I quoted this, Sir, every Speaker has mentioned about the sub-. sidy, every Speaker has mentioned about theft, and, that is what was a different situation in 1835. This is very unfortunate situation that after independence, this has only grown. Sir, before coming to the main subject, I would say that my learned colleague hon. Bhatiaji has mentioned about Centre not supporting his State, Uttar Pradesh. I wish he could have been a little more tolerant than blaming the Centre for the faults of his own Government after losing the battle; because UPA is the only Government which has proved beyond doubt that they do not discriminate as to which Party's Government is there in a State.

श्री रूद्रानारायण पाणि (उड़ीसा) **:** आपका क्या हुआ? उत्तर प्रदेश में आपकी सफलता का वर्णन कर दीजिए।

उपसभाध्यक्ष (प्रो.पी.जे.कुरियन) **:**पाणि जी, डिस्टर्ब मत करिए। Please don't dis-turb. *(Interruptions)*

श्री संतोष बागडोदिया : सर, इनको मैं हिन्दी में समझा देता हूं।

उपसभाध्यक्ष (प्रो.पी.जे.कुरियन) **:** अग्रेजीं में नहीं समझते, आप हिन्दी में बोल दीजिए।

श्री संतोष बागडोदिया : हमारी जो यूपीए की सरकार हैं, वह हिन्दुस्तान में किसी भी सरकार से भेदभाव नहीं करती। कोई भी व्यवस्था हो, चाहे डेवलपमेट का काम हो, चाहे सब्सिडी का काम हों। राजस्थान में मेरा अपना अनुभव है कि हर साल हमारे यहां drought होता हैं। जितना पैसा यूपीए सरकार ने पिछले तीन वर्षो में राजस्थान को दिया हैं, उतना एनडीए ने भी कभी नहीं दिया। यह मैं केवल एक उदाहरण के लिए आपको बता रहा हूं। यह कहना कि पॉवर जेनरेशन के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट किसी भी तरह की बाधा यूपी के डेवलपमेट के काम में डालेगी, मैं समझता हूं कि यह अपने आपको धोखा देनी वाली बात हैं।

श्री रूद्रनारायण पाणि : महोदय, मैं तो समझा गया लेकिन ....(**व्यवधान**)...

उपसभध्यक्ष (प्रो.पी.जे.कुरियन): आप बैठिए।I am not allowing you. *(Interruptions)* I have not allowed you. *(Interruptions)*

श्री रूद्रनारायण पाणि : लेकिन जब माननीय मंत्री महोदय उत्तर दें, तब जरूर यह बताएं कि उड़ीसा के मुख्यमंत्री दो दिन पहले जब यहां आए थे, उनसे मिले थे, तब क्या क्या निवेदन किया था? नवीन बाबू बहुत शांत व्यक्ति हैं, वे बहुत सिंपल व्यक्ति हैं। माननीय विद्युत मंत्री से वे क्यों और किस कारण से उड़ीसा के बारे में मांग की ....(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो.पी.जे. कुरियन) **:** आप बैठिए। आप बैठ जाइए।

श्री रूद्रनारायण पाणि : कृपया पॉवर मिनिस्टर जब रिप्लाई करें, तब उसके बारे में वे जरूर बताएं।

प्रो. राम देव भंडारी (बिहार) **:** वह अंदर की बात हैं, हाउस में नहीं कहीं जा सकती।

श्री संतोष बागडोदिया : पाणि जी, आपसे मैं हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि आप थोड़ा बहुत टोक दीजिए। आप इतनी सारी बाते बोल देते है, मैं आपकी तरह विद्वान नहीं हूं इसलिए मैं उस बात को ही भूल जाता हूं कि मैं क्या बोलने वाला था। इसलिए मैं विनती करता हूं-इतनी लम्बी बात आप उड़ीसा के बारे में बोल गए, मैं भी चाहता हूं और मंत्री जी से कहूंगा कि जितना वे मांग रहे हैं, उससे जरा ज्यादा ही सपोर्ट दे दें।

श्री सुशील कुमार शिन्दे : मेरी उनसे जो बातें हुई हैं, सब बताउंगा ता इनको बुरा लगेगा।

श्री संतोष बागडोदिया : मंत्री जी, जब आपका नम्बर आए तो आप जरूर बता दीजिएगा।

श्री एस.एस. अहलुवालिया (झारखंड) **:** सर, संतोष बागडोदिया जी मंत्री जी के कंधे को हिलाकर इतनी इंस्ट्रक्शंन दे सकते हैं तो सदन में बोल काहे रहे हैं, कान में सब कुछ बोल दीजिए। जो बोलना हैं।

श्री संतोष बागडोदिया : ऐसा हैं कि मंत्री जी को तो कोई आपत्ति नहीं हैं लेकिन अहलुवालिया ली को हर बात में आपत्ति इसलिए हो रही हैं कि मंत्री जी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, इसलिए इनको तकलीफ हो रही हैं। इसके अलावा वे हमारे पुराने दोस्त हैं।

Now, coming to the next point, Sir, somebody has just now mentioned about the NTPC also. The total requirement of the country and the total target fixed by the Government is' about one lakh megawatts for five years, during the Eleventh Plan. That means, we have to add 20,000 megawatts per year. Obviously, we need equipment for that. Now, BHEL is one organisation which is already producing equipment to generate 8,000 megawatts of power. I am told that the Power Ministry is trying to advise their own department, NTPC, to put up a separate plant so that they can manufacture equipment for another 5,000 to 6,000 megawatts. I would like to request the hon. Minister, I am talking about BHEL, which is a Nav Ratna company and that is a unit which can produce 20,000 megawatts also. But, where are the buyers? You don't have plans. You don't have people who are willing to place orders for them. And, if you consider world

minimum requirement of this kind of unit, it is 20,000 megawatts. If you create and invest separate, funds, for a smaller unit like 5000 or 6000 megawatts, it is not going to be viable, rather you will be competing with your own PSU, and may be both the PSUs become sick, because in the globalised economy, today, for all the mega projects or for other projects, there is an international bidding going on. People are coming from all over the world. And, against that competition, BHEL is competing successfully. I am sorry to say that there is something wrong in the communication between these two Ministries, the Ministry of Heavy Industries and the Ministry of Power. I think they are not meeting each other. I request you to please meet the hon. Minister of Industry and discuss with him. If you are not satisfied, you help BHEL itself so that they can produce up to 20,000 megawatts, provided you can arrange it. And, there is no use of wasting very hard-earned funds required for development of the country otherwise. NTPC has got enough. Their goal is to produce electricity. They have done very well in producing power so far. Let them continue with that. Please don't disturb them on that.

Sir, the National, Common Minimum Programme states, "Households electrification will be completed in 5 years. The UPA will give special attention to augmenting and modernising rural infrastructure". Sir, electricity connections must be given to below poverty line families free of charge. Now, this is what we have been discussing—how to give this subsidy. I have absolutely nothing against subsidy being given to these people, or, giving free power even to the farmers. But, let us not mix up production of power, distribution of power and giving subsidy. Let there be a separate Budget for supplying free power to below poverty line families. Let there be a separate Budget from Ministry or Agriculture or any other Ministry, the Finance Minister has run away just now. I thought I would tell him to provide for this subsidy separately because by giving this subsidy through the present system, nobody knows how much subsidy is going. Nobody knows farmers are using how much power. As a result, this is free for all. As a result this subsidy is going to places where it is not required. Subsidy is going to small industries also. In some cases, it is going to medium industries also. In some cases, or, in most of the cases, subsidy is going to domestic consumers. It is just because we don't know how to handle this subsidy. Sir, as a result, the industries which are put up in villages, are suffering. Either they don't get power or they don't get quality power.

Sir, Gujarat is one State which I appreciate because they have got double grids in villages. One for the agriculture and one for the rest of the consumers. As Indiraji has mentinoed just now, the result is that at least the rest of the consumers, who are paying consumers, are getting power 24 hours and the production is not affected. Whatever amount of subsidy the State Government wants to give, the electricity is given to the farmers. Similarly, if all the States can have this kind of double grid in villages, production will not suffer. Another thing I am noticing is that these industries are moving from villages to towns, because they do not get power there. Forget about other infrastructure. In view of this, for no fault of theirsT they suffer. This aspect may please be looked into, hon. Minister, Sir.

Sir, another point is, creation of Rural Electricity Distribution Backbone (REDB) with at least one 33/11 kv (or 66/11 kv) sub-station in each block. You create that. That is a good idea. But, as I said, the grid should be separate. That may please be looked into.

Another point is, Decentralised Distributed Generation (DDG) systems where grid supply is not feasible or cost effective. Is it possible to set up village grids? Please look into it, hon. Mr. Minister, Sir.

Coming to the Rajiv Gandhi Grameen Vidyutikaran Yojana, one goal is to bridge the urban-rural gap and the second goal is to provide reliable and quality power to the rural areas. When we talk about rural areas, it says 81 per cent villages have been electrified and 19 per cent have not been electrified. It sounds very good: I do not know, Sir, but they say that there are three types of lies. One is a straight lie, like Bhatiaji mentioned just now. Another one is statistical lie. In my opinion, these are all statistical lies. Statistical lies are there not only in this sytem, but in all the systems. Sir, what is happening in this. I will give you an example, which I have given to hon. Minister previously also. Earlier, you know the system was, the villages were considered electrified if there was only one bulb. Now, I think, in 2004, the system was changed. Ten per cent consumers must get the power. I would like to know from the hon. Minister whether this 81 per cent is based on this 10 per cent and that only for one bulb.

श्री उदय प्रताप सिंह (उत्तर प्रदेश) **:** संतोष बागडोदिया जी, मैं आपकी सूचना के लिए बताता हूं कि उत्तर प्रदेश में ऐसे-ऐसे गांव हैं, जिनमें घर के बाहर खम्बा तो लग गया हैं, लेकिन बिजली कभी नहीं आई हैं, उन्हे भी इलैक्ट्रिफाइड माना जाता हैं।

श्री संतोष बागडोदिया : मैं उस बात के ऊपर भी आ रहा हूं। आपने बहुत सही बात कहीं हैं। ...(**व्यवधान**)...Sir, after this new classification, I would like to know whether it is still 81 per cent. In Bihar, I think 39,000 villages have been de-electrified on the basis of old classification. And if you calculate it one the basis of new classification, probably all the villages in Bihar are de-electrified. By the number of villages, which are being electrified every year, I calcu-lated it, Sir, it will take only 110 years to electrify all the villages of Bihar! In 110 years, we will be able to electrify all the villages of Bihar. I don't know are how we going to handle in five years. Bihar is also a part of the country. Similarly, my friend also has mentioned. नॉर्मल वे कविताओं में बोलते हैं, अभी पघ में बोलें हैं कि गांव में इलेक्ट्रिसिटी हैं ही नहीं। लाइन खिच गई हैं, लेकिन पावर नहीं हैं। इसकी जिम्मेदारी स्टेट गवर्नमेंट की ज्यादा होती हैं। इसमें सेंट्रल गवर्नमेंट की जिम्मेदारी थोड़ी कम हैं। क्योकि डिफरेंट स्टेट्स ने पूरा काम नहीं किया हैं, इसीलिए मंत्री जी ने यह नियम बनाया हैं कि पांच बरस में ...*(Interruptions)*... Sir, I will stop. Every point is not connected to each other. The moment you will ask me to stop, I will stop.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I have not said anything.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: I thought you want me to stop.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No, you can continue. You are making very good points. How can I ask you to stop?

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Sir, in Uttar Pradesh also, सारे देश में यह इलेक्ट्रिफिकेशन जितना करना हैं, स्टेट गवर्नमेंट उतना काम पूरा नहीं कर रही थी, इसलिए यू.पी. सरकार ने हमारी सोनिया गांधी जी और डा. मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व में यह निर्णय लिया कि दिल्ली से इसकी फंडिंग की जाएगी और सारा रूरल इलेक्टिफिकेशन होगा। मैं मंत्री जी से केवल यही आशा करता हूं कि यह वास्तव में हो। बिहार में हो, यू.पी. राजस्थान में भी हो। जिन प्रदेशों में नही हुआ हैं उनमें हो। अगर आप बोलेंगे कि पंजाब में कर दिया हैं,हमिचाल मे कर दयिा हैं, हिमाचल में कर दिया हैं, तो वहां पर तो आलरेडी हंड्रडे परसेंट हैं। कलकत्ता में भी कर दिया हैं। वेस्ट बंगाल में भी होना चाहिए।

Sir, the number of households electrified should be, at least, ten per cent which I have already mentioned. The National Electricity Policy en-visages supply of quality power to rural areas for 24 hours. I wish this comes true, I will rather say, not in five years, not in six years, not in seven years, but, at least, in my life time. The way things are developing—we do

have big plans—but, unfortunately, the pace is very slow. Sir, if the hon. Minister does not become the President of the country—I would like him to—we will discuss this issue again after two years and we would like to see what kind of pace it has taken. If he becomes the President, I would request him to follow electrification maximum. With his push, probably, electrification in the country will happen during my lifetime. *(Interruptions)* Sir, only for statistical purpose, seven States have achieve more than 95 per cent village electrification, Rajasthan is also mentioned in the statistics given by some organisation, I think, the Government itself. But, I don't think, these are all correct statistics. That is why, I am saying that these are all statistical lies. Sir, five States have to do a lot because in these States, electrification is only 20 per cent...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You don't speak about Rajasthan. Only Bihar.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Sir, I have already said, it is not enough in Rajasthan. I am sure, our hon. Minister has come given me a smile and told me that sit down, I will look after Rajasthan. He has just now told me. Five States have less than 20 per cent household electrification. I would like to quote these States, Assam, Bihar and, of course, Mr. Pany's State, Orissa, Jharkhand and Uttar Pradesh. We have to think of new strategies. If the hon. Minister can give the State-wise details about the Rajiv Gandhi Grameen Vidyutikaran Yojana, it would be better. What are the financial and technical requirements for these franchisees? What is the revenue sharing arrangement between the franchisees and the REC? Is there any financial stake of the State Governments? How do you discipline these franchisees? Do you have any plan to discipline these franchisees also? Is it a State problem? Then you can simply say that it is a State problem. Either there is an overlapping of the mandate of the REC and the CPSUs or the REC has outsourced its mandate to the CPSUs. If there is overlapping, it means that one work is done by two people. With the kind of limited resources, it is better not to have overlapping. How many States have asked the CPSUs for help, as the States want to do it themselves? They want the CPSUs' help. But Bhatiaji would say that the Central Government is not giving help. I would like to know how many State Governments have asked for help and whether the Government is giving complete help to all the States.

Sir, according to section 14 of the Electricity Act, 2003, the States are required to notify rural areas.

Sir, if you want, I will finish. I will do that. But the Minister wants me to speak now. Whose order should I take? I don't know.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You have to take my order.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: I will take your order.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Now you try to conclude.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Will you give me five more minutes? I will take exactly five minutes and I will stop. So far only 12 States have notified these areas. The States have been advised. I don't know whether Orissa is included in these States. If Orissa is not there, you request your State Government to notify them. आप जरा notify कर लें । मैं आपको फिर से बता देता हूं -According to section 14 of the Electricity Act, 2003, the States are required to notify the rural areas. Rural areas कौन से हैं, वह भी notify करना पड़ेगा। तो आप अपनी सरकार को बोलिए कि इनको बताएं, खाली 12 स्टेट्स ने notify किया हैं।

श्री रूद्रनारायण पाणि : पूरा उड़ीसा rural ही हैं। बहुत पहले पंडित जवाहर लाल नेहरू 1952 में वहां गए थे और उन्होने कहा था कि मैं उड़ीसा के सबसे बड़े गावं को संबोधित कर रहा हूं। ....(**व्यवधान**)....

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Pany.

श्री संतोष बागडोदिया : वह भी notify करिए, इसमें कोई बात नहीं हैं, नियम तो follow करना पड़ेगा।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Pany, if you want, I will give you time. But don't disturb.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: The States have been advised to set up district committees and only 19 States have notified the same, अब ये सारा काम तो करिए अपनी स्टेट का।Deployment of franchisees is also to be done by the State Governments. Afew State Governments feel that appointment of the franchisees will lead to cost escalation and need not be made compulsory. Demand for enhanced electricity is also to be met. An amount of

Rs. 1,100 crores was allocated for 2005-06 and the target was to electrify 10,000 villages. But only 6,300 villages had been electrified. If we don't meet the target, as I said earlier, it will take not 100 or 110 years but a very long time. For the year 2006-07, an amount of Rs. 3,000 crores have been allocated and the target of 40,000 villages has been fixed to electrify. We apprehend that considering the pace of physical and financial achievements during the previous year, the target for 2006-07 would be unachievable. Special attention should be given to the States which have a large number of unelectrified villages. The RGGVY will increase the demand for electricity considerably because this Scheme is not restricted to the households alone. Considering the present status of generation of electricity, we are concerned about meeting this demand by the Government. We are of the view that the electrification of villages should not just mean existence of infrastructure, but the people in the rural areas should really get electricity for their varied needs. It is not a question of only having a line. You have the line but there is no power. It has to be seen that there is complete matching between production of increased electricity and supply to rural areas. I must come to the last point; otherwise, I am sure the Minister, who is my childhood friend will become my old age enemy.

As on 4th May, 2007, 330 projects have been sanctioned by the REC, worth Rs. 12,008 crores against which Rs. 4,948 crores have been released. These 320 sanctioned projects cover 2,43,082 villages, out of which 74,472 are unelectrified and 1,68,619 are partly electrified villages. I want to mention these statistics so that the House can know that this is a very voluminous problem. It is good to say that electrify the rural areas, but, through you, Sir, I want to explain how difficult this work is. As on 4th May, 2007, electrification of 1,65,364 villages, including 63,333 unelectrified and 1,02,031 partly electrified have been achieved. It is a good achievement during the last one year or so. But can we maintain this pace?

My last point is, it is not the question of only supplying electricity, it is not the question of only quality power, it is the question of cost of power also. In case the cost of power is Rs. 7/- or Rs. 8/- or Rs. 9/- in the coming years, the supply of power will become useless. Only 10 per cent of the population in our country will be able to afford it. We have to complete in the world market. If we have to supply all kinds of good, to the consumers in the country, then power is the most important infrastructure which should

be available at a reasonable price. Would the hon. Minister ensure that during the next five years, power will definitely be available at less than Rs. 4/- or Rs. 5/- per unit and the increase will be just marginal. That can be possible if a lot of hydro power which has not been tapped in different parts of the country, is tapped more urgently than going in for any other kind of generation. With these words, I am thankful to the hon. Minister for giving me all assurances about Rajasthan.

प्रो. राम देव भंडारी (बिहार) **:** माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं इस बिल का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह बिल एक संशोधन के रूप में आया हैं। 2003 में एक एक्ट बना और इस बिल के माध्यम से हम इसकी कुछ धाराओं में संशोधन करने जा रहे हैं।

महोदय, यूपीए गवर्नमेंट की ओर से एक राष्ट्रीय साझा न्यूनतम कार्यक्रम बनाया गया और सरकार इसके लिए वचनबद्व हुई कि देश के सभी गांवो में, छोटे से छोटे गावो में बिजली की आपूर्ति की जाएगी। इस समय बिजली आपूर्ति के मामले में शहरों और गावों के बीच बड़ा असुंलतन हैं। अगर उस असतुंलन को दूर नहीं किया गाया तो इस देश में दो भारत दिखाई देंगे-एक शहरी भारत और दूसरा ग्रामीण भारत। अभी माननीय अजय जी बोल रहे थे कि बरसों सिर्फ इस उम्मीद में पोल गाड़कर छोड़ दिया जाता हैं कि इस में तार लगेंगे और गांव में बिजली आएगी। विशेषकर जब चुनाव का समय आता हैं तो बहुत जल्दी में गांव में इस बात का प्रचार किया जाता हैं कि बिजली आ रही हैं और एक पोल भी गाड़ दिया जाता है। फिर दो चार साल के बाद आंधी-तूफान में वह पोल नीचे गिर जाता हैं और गांव में बिजली नहीं आती । यह हमारे गांवो की स्थिति हैं। महोदय, राज्यों के बीच का बड़ा असुंतलन हैं। पंजाब हरियाणा जैसे राज्य हैं या दूसरे कई राज्य हैं, जहां नेशनल एवरेज से भी अच्छी स्थिति हैं।

महोदय, अभी बागडोदिया जी ने काफी आंकड़े देकर विस्तार से सदन को बताया कि अर्बन और रूरल क्षेत्रों की क्या स्थिति हैं। मेरे पास भी कुछ आंकड़े हैं जिन्हें मैं सदन के सामने रखना चाहता हूं हो सकता हैं इन में सुधार हो गया हो। महोदय, इलेक्ट्रीफाइड हाउस-होल्ड का भारत का शहरी आंकड़ा 87.60 परसेंट हैं और रूरल एरिया में इलेक्ट्रीफाइड हाउस –होल्ड 43.50 माना गया हैं। शहरी आंकड़ा 87.60 परसेंट हैं और रूरल एरिया में इलेक्ट्रीफाइड हाउस-होल्ड 43.50 माना गया हैं। पंजाब की स्थिति यह हैं कि वहां अर्बन एरिया में 96.49 परसेंट हैं और रूरल एरिया में 89.46 परसेंट हैं हरियाणा में अर्बन एरिया में 92.94 परसेंट हैं और रूरल एरिया में 78.50 हैं जबकि बिहार में अर्बन एरिया में 59.3 हैं और रूरल एरिया में 5.1 हैं। महोदय, यह आंकड़े जो मेरे पास उपलब्ध हैं, उनके आधार पर बता रहा हूं। महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर देश के विभिन्न राज्यों में इनता बड़ा असुंतलन होगा तो उस से भारत मजबूत नहीं होगा। यह माना जाता हैं कि जब तक शरीर के सभी अंग मजबूत नहीं होंगे तब तक शरीर मजबूत नहीं होगा। इसलिए अगर आप भारत

4.00 P.M.

को संपूर्ण रूप से मजबूत बनाना चाहते हैं तो राज्यों के बीच में बिजली के मामले में जो असंतुलन हैं, उसे दूर करना पड़ेगा।

महोदय, बरौनी थर्मल पावर स्टेशन बिहार मे हैं और मुजफ्फरपुर में भी थर्मल पावर स्टेशन हैं। बरौनी की कैपेसिटी 320 मेगावाट की हैं और मुजफ्फरपुर में कांटी की कैपेसिटी 230 मेगावाट की हैं। लेकिन प्रोडक्शन कुछ नहीं हैं। महोदय, मेरे पास उपलब्ध जानकारी के आधार पर प्रोडक्शन 14 मेगावाट बरौनी में हैं, पता नहीं आजकल क्या स्थिति हैं और मुजफ्फरपुर में व कांटी में जीरों हैं। महोदय, बिहार में हाइड्रो कैपेसिटी 44.9 परसेट हैं और प्रोडक्शन 8.6 प्रतिशत हैं। अब आज की स्थिति मुझे पता नही क्या हैं? बिहार को एन.टी.पी.सी. से एक हजार से अधिक मेगावाट की सप्लाई होती हैं, जब बिहार के लोगों को बिजली मिलती हैं। अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों मे लोगों को बिजली नहीं मिलती है और बिजली न मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता हैं क्योकि बिजली से सिर्फ रोशनी ही नहीं मिलती बल्कि बिजली से खेती होती हैं और बिजली से छोटे मोटे उद्योग भी चलते हैं। महोदय, आज ग्रामीण क्षेत्रों से पलायान का एक कारण यह भी हैं।महोदय, वहां आज भी 60 परसेंट खेती वर्षा के पानी पर निर्भर होती हैं और 40 परसेंट एश्योर्ड इरिगेशन पर निर्भर हैं जिस में लिफ्ट इरिगेशन भी हैं। वहां नदियों से पानी निकालकर या बोरिंग से पानी निकालकर खेतों तक पहुंचाया जाता हैं। यह इरिगेशन भी सेक्योर्ड इरिगेशन में शमिल हैं। अब अगर बिजली नहीं होगी तो वह कहां से पहुंचाएगा? अगर बिजली नहीं होगी तो पंप नहीं चलेगा, पपं नहीं चलेगा तो पानी नहीं आएगा और पानी नहीं आएगा तो खेती नहीं होगी। उसी कारण जो छोटे छोटे उद्योग गांवो में चलते हैं, वे भी बिजली न रहने की वजह से बंद हैं। वहां से लोगों का पलायन हो रहा हैं। लोग गांवो से भाग कर शहरों में आ रहे हैं। इस प्रकार महोदय बिजली की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की जो आर्थिक व्यवस्था दिनों दिन खराब चली जा रही हैं।

हमारे एक मित्र कह रह थे-बिजली पानी और मकान। मैं उसमें सड़क भी जोड़ता हूं। बिजली, पानी, मकान और सड़क। ये किसी देश के विकास के लिए या किसी राज्य अथवा क्षेत्र के विकास के लिए ऐसे कम्पोनेंट्स है कि अगर वहां ये कम्पोनेंट्स नहीं होंगे तो किसी क्षेत्र का, किसी राज्य का और किसी देश का विकास नहीं हो सकता। महोदय, गावों में कहते हैं कि क्या तुम्हारे पास पावर हैं? —बिजली का दूसरा नाम पावर भी हैं गांवो में कहते हैं कि तुम्हारे पास पावर हैं? अगर पावर नहीं हैं, तो कुछ नहीं कर सकते। इसलिए अगर पावर नहीं होगा तो हम कुछ नहीं कर सकते।

महोदय, रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन का जहां तक सवाल उठता हैं, उसमें अब तक राज्यों की जवाबदेही होती थी। बिल में संयुक्त जवाबदेही की एक बहुत अच्छी बात कहीं गई हैं,जिसमें सेंटर और स्टेट दोनों संयुक्त रूप से जवाबदेही लेंगे और दोनों संयुक्त रूप से मिल कर रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन करेंगे।

महोदय, सब्सिडी के बारे में भी चर्चा हुई हैं। अभी भी कृषि क्षेत्र की हालत यह हैं कि वह लाभप्रद नहीं रह गई। कृषि के क्षेत्र मे हम जितनी लागत लगाते हैं, उतनी भी आमदनी हमें नहीं होती हैं। बिजली के लिए किसानों को सब्सिडी की आवश्यकता हैं। वैसे बिजली बहुत मिलती नहीं हैं, जब समय पर बिजली की आवश्यकता होती हैं। शहरों में भी लोड शेडिंग होती हैं। बिजली नहीं मिलती हैं। मगर जो भी बिजली मिलती हैं और खेती की जो हालत हैं उस हालत को देखते हुए किसानों को सब्सिडी की बहुत आवश्यकता हैं।

महोदय, इस बिल में बिजली चोरी की भी बात की गई हैं। उसकी चोरी कौन करता हैं? क्या गावं के गरीब लोग? गांवो में जो गरीब लोग रहते हैं, वे बिजली चोरी से डरते है? बड़े अधिकरी की बात छोड़ दीजिए, एक चौकीदार भी अगर उसके दरवाजे पर चला जाए और कह दे कि तुम बिजली कीचोरी कर रहे हो, तो वह कान पकड़ के पांच बार उठक-बैठक करेगा और कहेगा कि आगे से हम इस तरह का काम नहीं करेंगे। और वह कितनी चोरी करता हैं? कितने बल्ब्स जलाता होगा? एक, दो या चार। महोदय, बिजली की असली चोरी तो बड़े-बड़ें उघोगों, कारखानो में होती हैं। गांवो में रहने वाले ये ग्रामीण लोग बिजली की चोरी नहीं करते और अगर करते भी हैं तो वह इतनी कम होती हैं कि उसकी गिनती नहीं होती। बिजली की चोरी तो बड़े-बड़े कारखानों में इतनी कम होती हैं कि उसकी गिनती नहीं होती। बिजली की चोरी तो बड़े-बड़े कारखानों में होती हैं बिजली की चोरी वैसे ही नहीं होती हैं। जब तक बिजली विभाग का कर्मचारी या अधिकारी उसका साथ नहीं दे, तब तक बिजली की चोरी नहीं हो सकती हैं। महोदय,मेरा यह कहना हैं कि चोरी को रोकने के लिए जो मोनिटरिंग की व्यवस्था है, उस व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत हैं। जब तक उस व्यवस्था को मजबूत नहीं करेंगे और जब तक बड़े-बड़े कारखानेदार, जो बिजली की चोरी करते हैं उन्हे नहीं रोकेंगे, उनको कठोर दंड नहीं देंगे, तब तक उसमें सुधार नहीं हो सकता हैं। हमारे एक माननीय साथी कानून की बात कर रहे थे। मैं उतना कानून नहीं जानता, मगर मैं इतना जरूर जानता हूं कि बिजली चोरी रोकने के लिए कठोर कानून होने चाहिए और उनका ठीक से पालन भी होना चाहिए। इसके लिए जिनको जवाबदेही दी जाती हैं, उनके द्वारा उसका पालन भी होना चाहिए।

महोदय, मैं मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि बिहार जैसे जो पिछड़े राज्य हैं, जहां का औसत दूसरे राज्यों की तुलना में अभी भी बहुत कम हैं। अगर ऐसे राज्यों में, वह चाहे बिहार हो या उत्तर प्रदेश हो या दूसरे पिछड़े राज्य हैं, अगर उन राज्यों में बिजली की स्थिति में सुधार नहीं होगा, तो जो मजबूत भारत, जो सम्पूर्ण भारत का हम निर्माण करना चाहते हैं वह इन राज्यों के बिना अधूरा रहेगा इन्ही शब्दों के साथ, मैं इस बिल का स्वागत करता हूं, समर्थन करता हूं और मंत्री जी को बधाई देता हूं कि उन्होने इस महत्वपूर्ण बिल को सदन के समक्ष लाया। आपका धन्यवाद, महोदय।

श्री सुरेन्द्र लाठ (उड़ीसा) : धन्यवाद उपसभापति महोदय, जो आपने मुझे इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल, 2007 पर अपनी बात कहने का मौका दिया।

महोदय, आज हम सब इस बात को जानते हैं कि हमारे देश में बिजली की आवश्यकता कितनी हैं और इसका महत्व कितना हैं। स्वाधीनता के बाद जिन लोगों ने भी इस देश की योजना बनाई,

उनका आकलन शायद सही ढंग से नहीं हो सका, जिसके कारण आज यह स्थिति हो गई हैं कि हम बिजली देश के सभी गांवो ,गांव की बात तो क्या कहें, शहर तक भी पूरी बिजली हम नहीं पहुंचा पा रहे हैं, इसे सब लोगों को उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। हम सब जानते हैं कि बिजली की स्थिति क्या हैं? बहुत सारे क्षेत्रों मे तो आज दिन में दस दस घंटे तक बिजली उपलब्ध नहीं रहती हैं, कई प्रदेशों में तो दिन में केवल तीन या चार घंटे ही बिजली आती हैं और अगर ग्रामीण क्षेत्रों की बात कहें, तो कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां कभी दो-तीन दिन में एकाध बार ही बिजली आती हैं। यह ऐसी अवस्था क्यो हुई? कहां गलती रही हैं? निश्चित रूप से यह कहा जा सकता हैं कि जिन लोगों ने भी योजनाएं बनाई हैं, उनका आंकलन कहीं न कहीं गलत रहा होगा, हमारी योजनाओं को वे ठीक ढंग से मालूम नहीं कर सके। इसके कारण से आज इस प्रकार की अवस्था हम देख रहे हैं और इसी के कारण से देश के विकास में बाधाए आ रही हैं, हमारे औद्योगिक विकास में बाधा उत्पन्न हो रही हैं।

महोदय, बिजली एक ऐसा विषय हैं, जिसके बिना इस देश के विकास की हम कल्पना नहीं कर सकते। हम सब जानते हैं आज देश के अधिकाशं बिजली बोर्ड भारी नुकसान में चल रहे हैं और दिवालियापन की कगार पर खड़े है। इन सब बातों को ध्यान में लाकर बिजली या इलेक्ट्रिसिटी में सुधार लाने के उद्देश्य से NDA सरकार के समय में वर्ष 2003 में इलेक्ट्रिसिटी बिल इस सदन में और सदन में पास किया गया था, किंतु कोई भी बिल अपने आप मे पूरा नहीं होता, उसमें समय समय पर संशोधन की गुजांइश भी रहती हैं। शायद इस सरकार ने इसी उद्देश्य से इस बिल के माध्यम से कुछ संशोधन प्रस्तावित किए हैं। इसमें जो मुख्य रूप से संशोधन लाए गए हैं, उस बारे में सेक्शन 6 में कहा गया है कि ग्रामीण विद्युत की जो जिम्मेवारी हैं, वह इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 में राज्य सरकार तक सीमित थी, उसको बढ़ाकर केंद्र सरकार को जोंड़ा गया हैं। यह जो ग्रामीण विद्युतीतकरण की सारी जिम्मेदारी हैं, वह केंद्र और राज्य सरकार दोनो मिल कर निभाएंगे, इसी उद्देश्य से इसमें संशोधन किए गए हैं।

महोदय, अभी कई माननीय सदस्य कह रहे थे कि कितने ही गांवो में वहां के लोगों को अभी तक हम बिजली नहीं दे पाए हैं यहां सवा लाख गांवो की बात भी कहीं जा रही थी। तो देश के सवा लाख गांवो में अभी तक हम बिजली नहीं पहुंचा पाए हैं। इतना ही नहीं, देश के 55 से 60 परसेंट हाऊस-होल्डस में आज तक हम बिजली नहीं दे पाए हैं, जो without electricity हैं। कई प्रदेशो में तो यह प्रतिशत 80 प्रतिशत तक हैं। जैसा माननीय भंडारी भी अभी कह रहे थे, बिहार की स्थिति क्या झारखंड की स्थिति क्या हैं। वह हम सब जानते हैं। यह एक बहुत बड़ा दुर्भागय हैं कि जब हम इस इक्कीसवी सदी में अपने देश को एक विकसित राष्ट्र के रूप में निर्माण करने की बात कर रहे हैं, वही अगर हम देश में 55 से 60 प्रतिशत घरों में बिजली नहीं दे पाएं, तो किस प्रकार के विकास की कल्पना हम कर सकते हैं?

महोदय, आज ग्रामीण क्षेत्रों में हम बिजली देने की जब बात करते हैं, तब हम सब जानते हैं कि वहां हम किस प्रकार की बिजली देते हैं। कई गांवो में खंभे खड़े कर दिए जाते हैं, तार जोड़ दिए जाते हैं और सरकारी आंकड़ो में कह दिया जाता हैं कि अमुक गांव में बिजली पहुंव गई हैं। सरकार ने, निश्चित रूप से, डेफिनेशन में कुछ संशोधन किए हैं, उसमें यह कहा गया हैं कि 10 प्रतिशत घरों में बिजली पहुंचने पर ही उस गाव को विद्युत ग्राम घोषित किया जा सकता हैं, यह एक अच्छा कदम हैं। लेकिन, मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि केवल 10 प्रतिशत ही क्यों, जब तक हम 50 प्रतिशत घरों में बिजली नहीं पहुंचाते हैं और गांवो के सार्वजानिक स्थानों तक हम बिजली नहीं पहुंचाते हैं, तब तक उस गांव को हम इलेक्ट्रिफाइड विलेज के रूप में ग्रहण नहीं कर सकते हैं। इस बारे में सोचने की आवश्यकता हैं। महोदय, अगर हम इस क्राइटेरिया को लेंगे, तो जो आंकड़े दिए जा रहे हैं वे आंकड़े बहुत आगे तक जाएंगे,जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। इसलिए इस संशोधन के माध्यम से केंद्र सरकार और राज्य सरकार को ग्रीमाण विकास में साझीदार बनकर बिजली पहुचाने की जो बात कहीं गई हैं, वह निश्चित रूप से स्वागत योग्य हैं।

महोदय, दूसरा अमेंडमेंट जो कॉस्ट सब्सिडी के बारे में हैं, उसमें कहा गया है कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 में ऐलिमिनेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी सब्सिडी के बारे में कहा गया था और शायद इसके पीछे उद्देश्य यह रहा होगा कि कई बार राजनीतिक कारणों में हम मुफ्त बिजली देने की बात कहते हैं या बिजली बिलों को माफ कर देने की बात भी कहते है, जिससे प्रदेशो का, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड्स का बोझ अधिक मात्रा में बढ़ता हैं। किन्तु इसके साथ-साथ हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि आखिर इस देश के लोगों को हम बिजली क्यों नहीं दे पा रहे हैं? गांवों में 60,70 या 80 प्रतिशत घरों में बिजली क्यों नहीं पहुंच पा रही हैं? महोदय, आज गांवो का 80 प्रतिशत बिजली के तारों को अपने घर तक पहुंचाने में, बिजली का बिल अदा करने में सक्षम नहीं हैं और जिस प्रकार इन पांच बरसों में बिजली की कीमतों में वृद्वि हुई हैं,उससे इस समस्या में अधिक विस्तार हुआ हैं।

महोदय, इसके अलावा कई छोटे-छोटे कुटीर उद्योग हैं, जिन्हे चलाने के लिए बिजली की आवश्यकता होती हैं, किंतु जिस प्रकार से बिजली की दरे बढ़ती जा रही हैं, ये छोटे-छोटे उद्योग उन दरों को देने में असमर्थ होते जा रहे हैं और ये उद्योग बंद होते जा रहे हैं। महोदय हम जानते हैं कि आज देश का कृषि के बाद सबसे बड़ा क्षेत्र,जिसमें सबसे अधिक रोजगार का सृजन होता, वह छोटे-छोटे उद्योग या कुटीर उद्योग का क्षेत्र हैं। इन उघोगो को सरकार की सहायता की आवश्यकता रहती हैं और बिजली की दरें जिस प्रकार से बढ़ रही हैं, निश्चित रूप से सरकार को इनके बारे में गंभीरता से विचार करना होगा, ताकि ये उद्योग बंद न हो , ये उद्योग अधिक मात्रा में चल सकें, इनसे अधिक रोजगार का सृजन हो सके। इसीलिए, इलेक्ट्रिसिटी में, बिजली में जो सब्सिडी देने की बात हैं, इसे चालू रखना होगा, धीरे-धीरे इसे कैसे कम किया जा सकता हैं, इसके लिए हमें विचार करना जरूरी हैं। किंतु हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हम जो सब्सिडी दे रहे हैं, उस सब्सिडी का लाभ सही लोगों तक पहुंच सके।

